झारखण्ड विधान सभा

दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा
संख्या-11

द्वितीय (बजट) सत्र
बुधवार, दिनांक-18 मार्च, 2020 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.57 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

1.विविध चर्चायें:-

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही माननीय सदस्य, श्री नवीन जयसवाल ने दिनांक-16.03.2020 को कडरू में धरना स्थल पर बैठे हुए लोगों द्वारा बारातियों, बच्चों एवं पुलिस पर किये गये हमले की ओर आसन का ध्यान आकृष्ट करते हुए जाँच की माँग की।

2.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनायें:-

माननीय सदस्य, श्री कोचे मुण्डा द्वारा पत्थलगढी को लेकर चाईबासा में 07 लोगों की निर्मम हत्या, कडरू में शाहीन बाग में शामिल लोगों द्वारा बाराती पार्टी पर हमला किये जाने तथा माननीय सदस्य, श्री जय प्रकाश भाई पटेल द्वारा छठी जे.पी.एस.सी. परीक्षा को रद्द किये जाने सम्बन्धी दिये गये कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं से आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया तत्पश्चात् नियमानुकूल नहीं होने के कारण इन्हें अमान्य किया गया।

(इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के अधिकांशतः माननीय सदस्य स्लोगनयुक्त पोस्टर लेकर नारेबाजी करते हुए सदन की वेल में आ गये।)

माननीय मंत्री, श्रीमती जोबा माँझी द्वारा चाईबासा के मामले पर वस्तुस्थिति को सदन में रखा गया। इस क्रम में माननीय सदस्य, श्री बंधु तिर्की ने नये विधान सभा भवन निर्माण के क्रम में हुए विस्थापितों को मुआवजा दिलाने की माँग आसन से की।

(भारी शोरगुल)

3.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नों का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-05

(क) उत्तरित कुल-03, अ० सू०-109 श्री मनीष जयसवाल, स० वि० स०,
अ० सू०-110 श्री प्रदीप यादव, स० वि० स०,
अ० सू०-111 श्री सरयू राय, स० वि० स०।

(ख) अनागत कुल-02, अ० सू०-112 एवं अ० सू०-113

(ii) तारांकित प्रश्नों की कुल संख्या-84

(क) स्थगित मात्र-01, तारां०-397 श्रीमती अपर्णा सेन गुप्ता, स० वि० स०।

(ख) अनागत कुल-83, तारां०-398 से तारां०-480 तक।

4.शून्यकाल:-

आसन से पुकारे जाने पर निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपने द्वारा प्रस्तुत शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा-

श्री उमाशंकर अकेला,
श्री इन्द्रजीत महतो,
श्री किशुन कुमार दास,
श्रीमती अपर्णासेन गुप्ता,
श्री निरल पुरती,
श्री दशरथ गागराई,
श्री अमित कुमार यादव,
श्री रामदास सोरेन,
श्री विनोद कुमार सिंह,
श्री लोबिन हेम्ब्रम,
श्री बिरंची नारायण,
श्री केदार हजरा,
श्री अनन्त कुमार ओझा,
श्री सोनाराम सिंकू,
श्री प्रदीप यादव,
श्री इरफान अंसारी,
श्री आलोक कुमार चौरसिया,
श्री नारायण दास,
श्री भूषण तिर्की,
श्री कोचे मुण्डा,
श्री राज सिन्हा,
सुश्री अम्बा प्रसाद,
श्री भूषण बाड़ा एवं
श्री समीर कुमार महांती।

नोट:-दिनांक-17.03.2020 की दैनिक विवरणिका में टंकण भूल के कारण "शून्यकाल" के स्थान पर "ध्यानाकर्षण" शब्द अंकित हो गया था जिसे यथा संशोधित "शून्यकाल" शब्द ही पढ़ा जाय।

5.ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना:-

i- माननीय सदस्य, श्री प्रदीप यादव एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

ii- माननीय सदस्य, श्री रामदास सोरेन से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iii- माननीय सदस्य, श्री कमलेश कुमार सिंह से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ,

iv- माननीय सदस्या, सुश्री अम्बा प्रसाद से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

क्र०पृ०उ०

माननीय सदस्य, श्री विकास कुमार मुण्डा को आसन से पुकारा गया, परन्तु उनके सदन से अनुपस्थित रहने के कारण सूचना अपृष्ठ हुई।

6.वित्तीय कार्य:-

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बन्ना गुप्ता द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की माँगों खण्ड-(06) स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, पेंशन, खाद्य सार्वजनिक वितरण तथा उपभोक्ता मामले और वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की माँगें सभा में प्रस्तुत की गयी जिसपर माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया।

(अन्तराल)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

7.वित्तीय कार्य(क्रमांक-6 से जारी):-

अन्तराल के पूर्व प्रस्तुत माँग पर आसन के निदेश से माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा चर्चा प्रारम्भ की गयी तदुपरांत निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी इसमें भाग लिया-

डॉ० इरफान अंसारी,
श्री प्रदीप यादव,
श्री रामदास सोरेन,
श्री समरीलाल,

(इस अवसर पर सरकार के उत्तर पर्यन्त सभा का समय विस्तारित किया गया।)

श्रीमती ममता देवी एवं
श्री लम्बोदर महतो।

इसके बाद सरकार की ओर से माननीय प्रभारी मंत्री, श्री बन्ना गुप्ता द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के आय-व्ययक मे सम्मिलित अनुदानों की माँगों खण्ड-(06) स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, पेंशन, खाद्य सार्वजनिक वितरण तथा उपभोक्ता मामले और वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग पर उत्तर दिया गया तदुपरांत माँगें सभा द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुई और माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह द्वारा कटौती का प्रस्ताव वापस लिया गया।

(इस क्रम में भारतीय जनता पार्टी के सम्पूर्ण माननीय सदस्यों द्वारा सदन का परित्याग किया गया।)

इसके पश्चात् सभा की कार्यवाही गुरूवार, दिनांक-19 मार्च, 2020 के 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिये स्थगित की गयी।

महेन्द्र प्रसाद,
सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।

राँची,
दिनांक- 18 मार्च, 2020ई०।